[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, सोमवार, 04 मई 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 5 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 212, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

**अनमोल वचन**

काम की समाप्ति संतोषप्रद हो तो परिश्रम की थकान याद नहीं रहती।

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg. No. MH180326353

# पदमावत मीडिया

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

हिंदू संस्कृति में प्रकृति का ... 02

03 विशेष निरोधात्मक अभियान...

## खबर संक्षेप

**ग्राम रथ अभियान से बदली किसान की तकदीर**

### रतनलाल बैरवा को हार्वेस्टर पर 1.25 लाख का अनुदान

**भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्राम रथ अभियान किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने



और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान में प्रभावी साबित हो रहा है। इसी क्रम में रायपुर तहसील के ग्राम पालरा निवासी प्रगतिशील किसान रतनलाल बैरवा की सफलता कहानी अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक बनकर सामने आई है। ग्राम रथ के गांव पहुंचने पर कृषि विभाग द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान किसान रतनलाल बैरवा ने अपनी समस्या साझा करते हुए बताया कि पारंपरिक खेती में समय और श्रम अधिक लगता था, जिससे लागत बढ़ती थी और समय पर फसल कटाई नहीं होने से नुकसान उठाना पड़ता था। कृषि विभाग ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और फसल कटाई मशीन हार्वेस्टर पर अनुदान के लिए आवेदन कराया। विभागीय प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद रतनलाल बैरवा को 1 लाख 25 हजार रुपये का अनुदान स्वीकृत हुआ, जिससे उन्होंने आधुनिक कृषि यंत्र खरीदा। हार्वेस्टर के उपयोग से अब फसल कटाई कम समय में और कम लागत में संभव हो रही है। इससे मजदूरों पर निर्भरता कम हुई है और समय पर कटाई होने से उत्पादन हानि में भी कमी आई है। किसान रतनलाल बैरवा ने इस सहयोग के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राज्य सरकार, कृषि विभाग और स्थानीय प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

**उदयपुर में शांतिपूर्ण संपन्न हुई नीट यूजी परीक्षा,**

### 95 .96 प्रतिशत अभ्यर्थियों की रही उपस्थिति

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** एनटीए द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) शहर में रविवार को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित हुई। परीक्षा शहर में कुल 29 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई। एडीएम दीपेंद्र सिंह राठौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा के लिए कुल 8 हजार 738 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 8 हजार 385 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 353 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार जिले में कुल उपस्थिति प्रतिशत 95.96 प्रतिशत दर्ज किया गया। प्रशासन की ओर से सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, निगरानी और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं, जिससे परीक्षा निष्पक्ष और व्यवस्थित माहौल में संपन्न हुई।

### शिक्षा मंत्री मदन दिलावर उदयपुर में विद्यालय भवन का करेंगे उद्घाटन

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान के शिक्षा (विद्यालयी एवं संस्कृत) एवं पंचायती राज विभाग मंत्री मदन दिलावर सोमवार को उदयपुर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे खरताणा में प्रातः 9 बजे नवनिर्मित सेठ चांदमल भंवरलाल हीरण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भवन का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के पश्चात शिक्षा मंत्री दोपहर 11:45 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### कानपुर ग्राम में 7 मई से श्रीमद्भागवत कथा

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** कानपुर ग्राम स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में 7 मई से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का



सप्तदिवसीय आयोजन होगा। कथा का वाचन वृंदावन धाम आश्रम के भागवताचार्य संत कृष्णानंद जी महाराज द्वारा किया जाएगा। कथा 7 से 13 मई तक प्रतिदिन सायं 7 से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगी। 7 मई को पौथी यात्रा के साथ शुभारंभ होगा, जबकि 14 मई को हवन व पूर्णाहुति के साथ समापन किया जाएगा।

---

## पौराणिकता और आधुनिक सुविधाओं के समन्वय से होगा गलता धाम का विकास

# मुख्यमंत्री ने गलता तीर्थ के विकास को लेकर ली बैठक

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गालव ऋषि की तपोस्थली गलता तीर्थ के विकास को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दिए कि तीर्थ के मूल स्वरूप को बनाए रखते हुए पौराणिकता और आधुनिकता के समन्वय के साथ समग्र विकास किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गलता तीर्थ आमजन की आस्था का प्रमुख केंद्र है, ऐसे में यहां श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से वृद्धजनों के लिए ट्रैवलेटर जैसी सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि तीर्थ यात्रा अधिक सुगम और सुलभ हो सके।

बैठक में मुख्यमंत्री ने गलता धाम परिसर में स्थित मंदिरों एवं पवित्र कुंडों की दीवारों के जीर्णोद्धार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गलता धाम तक पहुंचने वाले दोनों मार्गों का समुचित विकास किया जाए और श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त वाहन पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने गलता मार्गों पर धार्मिक चित्रण करने के निर्देश दिए, जिससे श्रद्धालुओं को प्रवेश से ही आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव हो। साथ ही प्रवेश द्वार पर तीर्थ में








स्थित सभी मंदिरों की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित करने को कहा, ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को संपूर्ण जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सके।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सावन माह से पूर्व गलता कुंडों की साफ-सफाई आधुनिक मशीनों के माध्यम से कराई जाए। इसके साथ ही परिसर में वानरों के लिए अलग से विशेष स्थान निर्धारित करने के भी निर्देश दिए गए।

**मुख्यमंत्री ने की पूजा-अर्चना**

बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीताराम जी मंदिर में सपत्नीक पूजा-अर्चना कर आरती उतारी और प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

उन्होंने गलता तीर्थ परिसर के विभिन्न मंदिरों का अवलोकन किया तथा पवित्र कुंड में अर्घ्य अर्पित किया। साथ ही पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, पूर्व विधायक अशोक परनामी सहित जयपुर जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ली वन विभाग की बैठक

## मेवाड़-वागड़ में विकसित होंगे चंदन वन, इस वर्ष 10 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित वन विभाग की बैठक में प्रदेश में वन-धन संपदा को समृद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री के प्रयासों से प्रदेश में वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन के रूप में विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बांसवाड़ा के झांतलिया, उदयपुर के बांकी और सिरोही के जनापुर में चंदन वन विकसित किए जाएंगे। इन तीनों स्थानों पर 10-10 हजार से अधिक चंदन के पौधे रोपित किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण पौधों का चयन करने, फेंसिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सिंचाई के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए, ताकि पौधों का संरक्षण बेहतर तरीके से किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में चंदन वनों की स्थापना से राजस्थान की वन-धन संपदा को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने भविष्य में अन्य जिलों में भी इस प्रकार के चंदन वन विकसित करने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। साथ ही मानसून से पूर्व गड्ढों की खुदाई, फेंसिंग और अन्य सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने पर जोर दिया।



**किसानों को मिलेंगे फलदार पौधे**

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार किसानों को फलदार पौधे उपलब्ध कराएगी। इसके लिए वन विभाग को वितरण योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

**ड्रोन सीडिंग और अरावली में सघन वृक्षारोपण**

मुख्यमंत्री ने पहाड़ी एवं वन क्षेत्रों में ड्रोन सीडिंग तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने तथा अरावली क्षेत्र में सघन वृक्षारोपण करने के निर्देश भी दिए, जिससे पर्यावरण संतुलन को मजबूत किया जा सके।



**पौधारोपण अभियान को बनाएं जन आंदोलन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेकर वर्ष 2024 में 7 करोड़ और वर्ष 2025 में 11 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं। इसी क्रम में इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी विभागों और जिलों के बीच समन्वय स्थापित कर इस अभियान को जन आंदोलन बनाने तथा अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े।

---

### जननायक अशोक गहलोत के जन्मदिन पर बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे बांधे



**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**प्रतापगढ़।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन के अवसर पर यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स काउंसिल द्वारा संचालित परिंडा लगाओ महाअभियान के तहत जिले में विभिन्न स्थानों पर बेजुबान पक्षियों के लिए सैकड़ों परिंडे बांधे गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. तरूण बांकोलिया ने की। उकार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तरूण बांकोलिया ने कहा कि सुबह घरों के आसपास गौरेया, मैना सहित अन्य पक्षियों की चहचहाहट मन को सुकून देती है। इन बेजुबान पक्षियों का संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि हम छोटे-छोटे प्रयास करें तो पक्षियों के जीवन को बचाया जा सकता है। प्रदेश अध्यक्ष इंद्रराज मीणा ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण जल की कमी से कई पक्षियों और पशुओं की मृत्यु हो जाती है। ऐसे में आमजन यदि अपने घरों के आसपास परिंडे लगाकर पानी की व्यवस्था करें तो यह उनके जीवन के लिए बेहद सहायक सिद्ध हो सकता है।

---

**श्योपुर पुलिस की बड़ी सफलता**

# नवजात बच्ची की खरीद-फरोख्त के संगठित नेटवर्क का पदार्फाश, 6 आरोपी गिरफ्तार

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस ने मानव तस्करी और बच्चों की अवैध खरीद-फरोख्त के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए श्योपुर जिले में एक संगठित रैकेट का पदार्फाश किया है। इस गंभीर मामले में अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक महिला आरोपी की तलाश जारी है।

**लावारिस मिली बालिका से खुला पूरा मामला**

मामले का खुलासा 18 अप्रैल को हुआ, जब थाना मानपुर क्षेत्र में नेशनल हाईवे-552 पर सोईकलां के पास दांतरदा बैरियर के समीप करीब 2 वर्षीय मासूम बालिका लावारिस हालत में मिली। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में यह आशंका सामने आई कि बालिका को जानबूझकर वहां छोड़ा गया था।

**तकनीकी जांच से खुला रैकेट का नेटवर्क**

श्योपुर पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज, वाहन मूवमेंट, मोबाइल लोकेशन, कॉल रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया। जांच में सामने आया कि




बालिका को वर्ष 2024 में जन्म के कुछ समय बाद ही उसकी जैविक मां से अलग कर अवैध रूप से विभिन्न लोगों के माध्यम से आगे बेचा गया था।

**1 लाख रुपये में हुआ था सौदा**

जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि बालिका को पहले मनीषा निवासी धार और हेमलता निवासी खरगोन के माध्यम से इंदौर की ब्यूटी पार्लर संचालिका नीता जैन तक पहुंचाया गया। इसके बाद नीता जैन और उसके पति वैभव जैन ने बालिका को राजगढ़ निवासी आकाश और उसकी पत्नी कृतिका को 1 लाख रुपये में सौंप दिया। बालिका करीब दो वर्ष तक उक्त दंपती के पास रही, जिसके बाद उसे श्योपुर क्षेत्र में सुनसान स्थान पर छोड़ दिया गया।

**6 आरोपी गिरफ्तार, एक महिला फरार**

पुलिस ने सघन पूछताछ, बैंकिंग लेनदेन, डिजिटल ट्रेल और विभिन्न जिलों में समन्वित कार्रवाई के आधार पर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें बालिका को खरीदने वाला दंपती, बिचौलिये और नेटवर्क से जुड़े अन्य सदस्य शामिल हैं। वहीं एक महिला आरोपी, जिस पर बालिका को उसकी मां से अलग कराने का संदेह है, अभी फरार है और उसकी तलाश जारी है।

**डीएनए जांच और रिकॉर्ड खंगाले जा रहे**

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बालिका की वास्तविक पहचान स्थापित करने के लिए डीएनए परीक्षण शुरू कर दिया है। साथ ही नवंबर 2024 के आसपास के अस्पतालों, निजी क्लीनिकों, जन्म रजिस्टर और डिस्चार्ज रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है, ताकि पूरे नेटवर्क की सच्चाई सामने आ सके।

**जीरो टॉलरेंस नीति पर सख्त कार्रवाई जारी**

मध्यप्रदेश पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मानव तस्करी जैसे जघन्य अपराधों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी बच्चों की खरीद-फरोख्त, संदिग्ध दत्तक प्रक्रिया या किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

---

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया उत्कर्ष शाखा प्रबंधकों का सम्मान



**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**भीलवाडा ।** बैंक ऑफ बड़ौदा भीलवाड़ा क्षेत्र द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने एवं वित्तीय वर्ष 2025- 26 के व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने वाली शाखाओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंचल कार्यालय जोधपुर महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख श्री निखिल मोहन का औपचारिक स्वागत डॉ. राजेश भाकर क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक भीलवाड़ा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। सम्मान समारोह में क्षेत्र की सभी शाखाओं को अलग-अलग श्रेणियों में श्रेष्ठ कार्य करने पर शाखा प्रबंधकों को अंचल प्रमुख निखिल मोहन द्वारा सम्मानित किया गया। बैंक शाखाओं ने अपनी उत्कृष्ट सेवाओं एवं डिजिटल तकनीक के माध्यम से शाखा के व्यवसाय विकास में निरंतर प्रगति करते हुए वित्तीय वर्ष 2025 -26 के व्यावसायिक लक्ष्यों को हासिल किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख भीलवाड़ा ने शाखाओं की उपलब्धियों से सभी को अवगत करवाया एवं शाखा प्रबंधकों की प्रशंसा करते हुए सभी को आगामी वित्तीय वर्ष 2026 -27 में भी एक नई ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए लक्ष्यों को प्राप्त करने एवं नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में अंचल प्रमुख निखिल मोहन ने बैंक अधिकारियों को संबोधित करते हुए वित्तीय वर्ष 2025 -26 की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि टीम भीलवाड़ा वाकई एक वाइब्रेंट टीम है। साथ ही उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में भीलवाड़ा क्षेत्र ने जो कार्य किया वह प्रशंसनीय है। महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख ने अपने वक्तव्य में बताया कि हमें और इनोवेटिव आईडियाज के साथ बैंक के व्यवसाय को आगे ले जाने की आवश्यकता है। बेहतर ग्राहक सेवा के साथ व्यवसाय विकास, एनपीए मैनेजमेंट, प्रोफिटेबिलिटी - अर्थात बैंक के लाभ के हिस्से में हम सभी बैंकर्स का योगदान होना चाहिए। इस दौरान अधिकारियों को अपनी कार्य कुशलता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया एवं बिजनेस विद कंप्लायंस पर जोर दिया। सम्मान समारोह का समापन उप क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक अमित टुकड़िया ने किया।

## खबर संक्षेप

### शायराना उदयपुर के संभाग स्तरीय साहित्य समारोह में गूंजे देशभक्ति के स्वर

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** शायराना उदयपुर परिवार द्वारा ऐश्वर्या कॉलेज प्रांगण में संभाग स्तरीय साहित्य समारोह का भव्य



आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेशभर से आए कवियों और साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से वातावरण को भावनाओं से सराबोर कर दिया। पिछले 15 वर्षों से निःशुल्क संगीत और साहित्य की सेवा कर रहा यह मंच एक बार फिर साहित्यिक ऊर्जा से भरपूर नजर आया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व वन संरक्षक आर.के. जैन, विशिष्ट अतिथि आभा सिरसीकर एवं सी.पी. जैन रहे, जबकि अध्यक्षता गीतांकर मेवाड़ी ने की। समारोह में अतिथियों और प्रतिभागी कवियों ने अपनी-अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में चित्तौड़गढ़ के शायर गुलजार चित्तौड़गढ़ी और डूंगरपुर के रियाज खान ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं का ऐसा प्रस्तुतीकरण किया कि पूरा सभागार भाव-विभोर हो उठा। श्रोताओं ने तालियों की गूंज के साथ कवियों का उत्साहवर्धन किया।

#### मां के रिश्ते पर विशेष रचनाएं

कार्यक्रम के दौरान मां-बेटे के रिश्ते पर आधारित कविताओं ने विशेष रूप से सभी का ध्यान आकर्षित किया। विशिष्ट अतिथि प्रख्यात कवि सी.पी. जैन ने मां पर भावपूर्ण कविता प्रस्तुत कर रिश्तों की संवेदनशीलता को अभिव्यक्त किया, वहीं अन्य कवियों ने भी इस विषय पर मार्मिक प्रस्तुतियां दीं।

#### 40 से अधिक कवियों ने दी प्रस्तुति

कार्यक्रम प्रभारी आभा सिरसीकर ने बताया कि समारोह में 40 से अधिक कवियों ने भाग लिया, जिनमें कविता, गजल, गीत और शायरी की विविध विधाओं का सुंदर समन्वय देखने को मिला। संचालन के दौरान श्रृंगार, वीर रस, दोहे, मुक्तक और शेरो-शायरी की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को रंगारंग बना दिया।

#### भरत कुमार मीणा हुए सम्मानित


समारोह में खेरवाड़ा के शिक्षाविद् भरत कुमार मीणा को उनके साहित्यिक योगदान और प्रभावशाली लेखन शैली के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी।

#### विभिन्न जिलों से पहुंचे साहित्य प्रेमी

डूंगरपुर, राजसमंद, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, कोटा, उदयपुर, कांकरोली, प्रतापगढ़ और खेरवाड़ा सहित कई जिलों से आए साहित्य प्रेमियों ने समारोह को उल्लास और उमंग से भर दिया। कार्यक्रम में मनीष चौबीसा, मुकेश परवाना, निलेश यादव, डॉ. हुकुम जोशी, ज्योत्सना झाला, आर.पी. जीनगर, शमिल शेख, महावीर जावलिया, शाहिद हुसैन शैदा, शकील अलाउद्दीन जयपुरी, निशित चापलोत, विनोद कुमार राठौड़ सहित कई कवियों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम समन्वयक ललित गोयल ने बताया कि शायराना उदयपुर परिवार आगामी समय में साहित्य महोत्सव का आयोजन भी करेगा, जिससे युवाओं को साहित्य से जुड़ने का अवसर मिलेगा। समारोह के अंत में ललित गोयल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### मध्यप्रदेश पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई

**भोपाल @ पदमावत मीडिया।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध सख्त अभियान चलाते




हुए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में उज्जैन एवं इंदौर जिलों में दो अलग-अलग कार्रवाइयों में करीब 1 करोड़ 5 लाख रुपये से अधिक मूल्य की अवैध शराब, बियर एवं वाहन जब्त किए गए हैं। उज्जैन जिले के नानाखेड़ा थाना क्षेत्र में निनोरा टोल प्लाजा के पास पुलिस ने घेराबंदी कर एक ट्रक को पकड़ा। जांच के दौरान ट्रक में 900 पेटी, कुल 21,600 केन यानी लगभग 10,800 बल्क लीटर अवैध बीयर परिवहन करते हुए बरामद की गई। जब्त की गई बीयर की अनुमानित कीमत करीब 45 लाख रुपये आंकी गई है, जबकि परिवहन में प्रयुक्त ट्रक की कीमत लगभग 55 लाख रुपये बताई गई है। इस प्रकार कुल मिलाकर एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इंदौर जिले में नियमित वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक कार को रोककर तलाशी ली, जिसमें से 43 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई।

# हिंदू संस्कृति में प्रकृति का अभिन्न स्थान, विकास और पर्यावरण का संतुलन भारत की पहचान : हर्षवर्धन त्रिपाठी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com












**उदयपुर।** विश्व संवाद केंद्र समिति उदयपुर, चित्तौड़ प्रांत की ओर से देवर्षि नारद जयंती एवं प्रांत स्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन सुखाड़िया विश्वविद्यालय स्थित बप्पा रावल सभागार में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में प्रदेशभर से आए पत्रकारों की उपस्थिति के बीच पत्रकारिता के मूल्यों, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक दायित्वों पर सारगर्भित विचार रखे गए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार हर्षवर्धन त्रिपाठी, मुख्य अतिथि महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर के कुलगुरु प्रो. सुरेश अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख डॉ. महावीर कुमावत उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता विश्व संवाद केंद्र के अध्यक्ष कमल प्रकाश रोहिला ने की।

#### पत्रकार दरबारी नहीं, समाज का मार्गदर्शक हो : त्रिपाठी

मुख्य वक्ता हर्षवर्धन त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार को कभी दरबारी नहीं बनना चाहिए, बल्कि सत्य और समाज के हित में निर्भीक भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य धर्म संस्थापन और समाज को सही दिशा देना है। उन्होंने भारत की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति की है। आज भारत की जीडीपी 8 प्रतिशत से अधिक है और बुनियादी ढांचे में तेजी से सुधार हुआ है। सड़कों, एक्सप्रेस-वे, रेलवे विद्युतीकरण, हवाई अड्डों के विस्तार और सौर ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भारत ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। त्रिपाठी ने कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण का संतुलन भारत की विशेषता है। सनातन संस्कृति में प्रकृति को पूजनीय माना गया है और यही कारण है कि भारतीय समाज प्रकृति के संरक्षण को जीवन का हिस्सा मानता है। उन्होंने कहा कि हिंदू संस्कृति में प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना ही संभव नहीं है।

#### बेबाक पत्रकारिता की आवश्यकता : कुलगुरु

मुख्य अतिथि प्रो. सुरेश अग्रवाल ने कहा कि देवर्षि नारद की तरह पत्रकारों को भी निर्भीक और निष्पक्ष रहकर समाज के सामने सच्चाई रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में स्पष्टता और सत्यनिष्ठा ही सबसे बड़ी ताकत है।

#### एकात्मता से बनेगा श्रेष्ठ भारत : डॉ. कुमावत

विशिष्ट अतिथि डॉ. महावीर कुमावत ने कहा कि भाषा, जाति और क्षेत्रीय विषमताओं को समाप्त कर ही श्रेष्ठ भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने सामाजिक समरसता और संवाद को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया।

कार्यक्रम की प्रस्तावना सचिव प्रवीण कोटिया ने प्रस्तुत की, जबकि पत्रकार मनीष मेघवाल ने सम्मानित होने वाले पत्रकारों का परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन भानुप्रिया ने किया और धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष कमल प्रकाश रोहिला ने किया।

#### 5 श्रेणियों में पत्रकार सम्मान

समारोह में प्रांत के 13 जिलों से प्राप्त 132 प्रविष्टियों में से चयनित पत्रकारों को 5 श्रेणियों में देवर्षि नारद सम्मान प्रदान किया गया। उत्कृष्ट पत्रकार (प्रिंट) के रूप में भूपेश दाधीच, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में मुकेश हिंगड़, छायाकार में बलराम मेहता, यूट्यूब चैनल में निपुण भार्गव तथा स्तंभकार श्रेणी में भंवर सिंह कछवाहा को सम्मानित किया गया। प्रत्येक विजेता को स्मृति चिन्ह, देवर्षि नारद संचार दर्शन पुस्तक एवं 21-21 हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई।

#### आयोजन की विशेष झलकियां

समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती, भारत माता एवं देवर्षि नारद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्रा मुमूक्षा भावसार ने सरस्वती वंदना पर नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में राष्ट्रगीत वंदेमातरम एवं राष्ट्रगान का गायन भी किया गया। समारोह स्थल पर साहित्य प्रदर्शनी, संविधान चित्र प्रदर्शनी एवं देवर्षि नारद पर आधारित वृत्तचित्र का प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। शिक्षाविद गणेश कलाल ने नारद जी के संचार दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें विश्व का प्रथम संवाददाता बताया और कहा कि निष्पक्ष, तथ्यात्मक और संवाद आधारित पत्रकारिता ही आदर्श पत्रकारिता है।

# जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्राम स्तर तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रहे ग्राम रथ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**सलूंबर।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण अंचलों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित ग्राम रथ अभियान जिले में जनजागरूकता का सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। रविवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और लाभ भी लिया। सलूंबर विधानसभा क्षेत्र के बामणिया, बरोडा, अमलोदा, समोडा, मोली एवं डगार गांवों में एलईडी वैन के माध्यम से योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। ग्राम रथ के पहुंचते ही ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला और कार्यक्रम स्थलों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान 13 विभागों की प्रमुख योजनाओं का डिजिटल माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संदेश भी ग्रामीणों को सुनाया गया, जिसमें आमजन से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोक कलाकारों ने गीत, भजन और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी रोचक शैली में प्रस्तुत की। इन प्रस्तुतियों ने जहां ग्रामीणों का मनोरंजन किया, वहीं योजनाओं की प्रक्रिया और लाभ को सरल भाषा में समझाने का कार्य भी किया। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से संबंधित मार्गदर्शिका एवं प्रचार सामग्री वितरित कर जागरूक किया। साथ ही ग्राम रथ के साथ सुझाव पेटिका भी रखी गई, जिसमें ग्रामीणों ने अपने सुझाव और फीडबैक दर्ज कराए। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाकर उसे लाभ से जोड़ना है। अभियान के तहत कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, उद्योग, ऊर्जा, राजस्व, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। सोमवार को यहां पहुंचेगा ग्राम रथ

सलूंबर विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को ग्राम रथ लांबी डुगरी, इटाली खेड़ा, इटाली, राठौड़ा, चंदोडा एवं बड़ावली ग्राम पंचायतों में पहुंचकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देगा।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को भेंट की पुस्तक राजस्थान का साहित्यिक आंदोलन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**जयपुर।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को लेखक द्वारा उनकी लिखित पुस्तक ह्यराजस्थान का साहित्यिक आंदोलन भेंट की गई। यह पुस्तक केवल एक साहित्यिक संकलन नहीं, बल्कि वर्ष 2010 से प्रारंभ हुए 21वीं सदी के राजस्थान के साहित्यिक आंदोलन का प्रामाणिक दस्तावेज है, जिसमें प्रदेश के साहित्य, प्रमुख साहित्यकारों और पत्रकारिता के योगदान का तथ्यपरक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। लेखक ने बताया कि यह पुस्तक राजस्थान में बीते वर्षों में हुए साहित्यिक प्रयासों को संरचित और प्रामाणिक रूप में सामने लाने का कार्य करती है। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों और पंचायत स्तर तक पहुंचे साहित्यिक अभियानों का क्रमबद्ध विवरण शामिल है, जो इसे शोध एवं संदर्भ के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण बनाता है। उन्होंने अपनी आगामी पुस्तक ह्य21वीं सदी के राजस्थान साहित्यिक आंदोलन में संस्कृति, साहित्य, ज्ञान परम्परा और लुप्त होती कलाओं के साथ पत्रकारिताह्न का भी उल्लेख किया, जो इस आंदोलन को और व्यापक परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करेगी। इस पुस्तक में भारतीय ज्ञान परंपरा, स्थानीय सांस्कृतिक संरचना और पत्रकारिता के समन्वय को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है। लेखक के अनुसार, दोनों पुस्तकों में वर्ष 2010 से अब तक आयोजित लगभग 1000 साहित्यिक कार्यक्रमों का विस्तृत और प्रमाणिक विवरण दिया गया है, जिसमें तिथि, समय, स्थान और प्रमुख प्रतिभागियों का उल्लेख शामिल है। यह कार्य केवल दस्तावेजीकरण नहीं, बल्कि राजस्थान की सांस्कृतिक चेतना को पुनर्स्थापित करने का एक गंभीर प्रयास है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह साहित्यिक आंदोलन भविष्य में नीति-निमार्ताओं, शिक्षाविदों और समाज के लिए एक मार्गदर्शक मॉडल के रूप में कार्य करेगा, जिससे राजस्थान की संस्कृति, साहित्य और ज्ञान परंपरा को नई दिशा और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। लेखक ने यह महत्वपूर्ण प्रश्न भी उठाया कि क्या इस आंदोलन को केवल दस्तावेजों तक सीमित रखा जाएगा या इसे नीति और व्यवस्था का हिस्सा बनाकर व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा।

## जब दर्द नहीं था सीने में तब खाक मजा था जीने में... सुर संगम संगीत संध्या में सजी दर्द भरे नगमों की महफिल



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** शहर के प्रतिष्ठित सुर संगम म्यूजिकल ग्रुप की मासिक संगीत संध्या इस बार दर्द भरे नगमों की थीम पर आयोजित की गई, जिसमें संगीत प्रेमियों को भावनाओं से सराबोर कर देने वाली प्रस्तुतियों ने एक अनूठा माहौल बना दिया। कार्यक्रम का आगाज दर्द भरे सदाबहार गीतों से हुआ, जिसमें पार्श्वगायक मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, लता मंगेशकर और आशा भोंसले के लोकप्रिय नगमों को स्वर दिया गया। ग्रुप की संयोजिका वीनू वैष्णव ने बताया कि इस माह आयोजित कार्यक्रम ह्लदर्द भरे नगमेह्व थीम पर आधारित रहा, जिसमें करीब तीन घंटे तक 18 सदस्यों ने 36 गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को पुरानी यादों में डुबो दिया। कार्यक्रम संयोजक चन्द्र प्रकाश गंधर्व ने बताया कि दर्द भरे नगमे अक्सर जुदाई, बेवफाई और दिल टूटने की भावनाओं को संगीत के माध्यम से व्यक्त करते हैं, जो श्रोताओं को गहरी अनुभूति और सुकून प्रदान करते हैं। इसी भाव के साथ इस विशेष संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। पीयूष व्यास, सी.पी. गंधर्व, सुषमा वर्मा, वीनू वैष्णव, सुरेन्द्र दक, सुरेन्द्र दत्त व्यास, हिम्मत राठौड़, एस.डी. कौशल, सुरेश श्रीवास्तव, अरुण चौबीसा, कविता सांखला, मलय चक्रवर्ती, मंजू भानावत, नीलम कौशल, शकुंतला सोनी, सुधीर माथुर, सुधीर दत्त व्यास एवं विनोद कल्याणा सहित सभी कलाकारों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में शर्मिला राठौड़ एवं मंजू भोई ने भी उपस्थित होकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मई माह में जन्मदिन होने के कारण हिम्मत सिंह राठौड़, चन्द्र प्रकाश गंधर्व एवं एस.डी. कौशल का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया और उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही नए सदस्यों नीलम कौशल, एस.डी. कौशल एवं शकुंतला सोनी का उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए सुधीर माथुर को बेस्ट सिंगर के खिताब से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी गीतों का ट्रैक एवं साउंड कंट्रोल वीनू वैष्णव द्वारा संभाला गया, जबकि संचालन एवं अंत में धन्यवाद ज्ञापन चन्द्र प्रकाश गंधर्व द्वारा किया गया।

# विश्व जागृति मिशन जयपुर मंडल द्वारा उल्लास पर्व मनाया





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



### सुधांशु जी महाराज के 71वें जन्मदिन पर विशेष हवन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और छबील आयोजन

**जयपुर।** विश्व जागृति मिशन जयपुर मंडल द्वारा देश के प्रख्यात आध्यात्मिक संत धमार्चार्य सुधांशु जी महाराज का 71वां जन्मदिन गुलाबी नगरी में उल्लास पर्व के रूप में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आदर्श नगर स्थित बीस दुकान क्षेत्र में सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रम के तहत आचार्य मोहन लाल शास्त्री और आचार्य विष्णु कुमार शर्मा के सानिध्य में विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें जयपुर मंडल के प्रधान मदनलाल अग्रवाल सहित विभिन्न पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। यज्ञ के दौरान अष्ट चिरंजीवी मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, गुरु मंत्र, दुर्गा सप्तशती के श्लोक तथा रामचरितमानस की चौपाइयों के साथ आहुतियां देकर गुरुदेव के दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं की सेवा भावना को दशार्ते हुए मंदिर परिसर के बाहर मीठे शरबत की छबील लगाई गई, जहां राहगीरों को शीतल पेय एवं प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में विश्व जागृति मिशन की आध्यात्मिक विदुषी एवं ध्यान गुरु डॉ. अर्चिका दीदी का विशेष संदेश भी प्रसारित किया गया, जिसमें उन्होंने गुरुदेव के जीवन मूल्यों और आध्यात्मिक संदेशों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

बाल संस्कार केन्द्र के नन्हें कलाकारों ने भी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। लघु नाटिकाओं और एकांकियों के माध्यम से गुरुदेव के धर्म, अध्यात्म, गीता, उपनिषद एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेशों को प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुष्पा भाटिया, शारदा भाटिया, ममता भाटिया, सीमा भाटिया, गुरु चरण, विकास भल्ला, बेला माथुर, राजेंद्र भाटिया, तनिष्का राजावत, चंदा कंवर राजावत, जगदीश शर्मा, ओमप्रकाश कुमावत एवं फूल मुटरेजा सहित भजन गायकों ने भक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने समूह में नृत्य करते हुए गुरुदेव का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया।

पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरुदेव के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

## खबर संक्षेप

### धानमण्डी थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही

## चाकूबाजी की घटना में एक आरोपी गिरफ्तार, 02 बाल अपचारी डिटेन

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** धानमण्डी थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर दो बाल अपचारियों को डिटेन किया है।




साथ ही घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया है। प्रकरण में सामने आया कि दिनांक 01.05.2026 को भोपालवाड़ी स्थित जगदीश नमकीन भंडार के पास विनोद दास वैरागी के साथ अंकुश सिंह व उसके दो साथियों द्वारा मिलकर चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया गया। इस संबंध में थाना धानमण्डी पर प्रकरण संख्या 36/2026 धारा 118(1), 115(2), 126(2), 3(5) बीएनएस 2023 में दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा एवं वृताधिकारी नगर पश्चिम राजेश यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी धानमण्डी भंवरलाल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा आसूचना व तकनीकी सहयोग के आधार पर आरोपी अंकुश सिंह पुत्र विजय सिंह निवासी जलचक्की के पास, काकरोली जिला राजसमंद हाल सीमेन्ट गली, धोलीबावड़ी थाना धानमण्डी को डिटेन कर पूछताछ की गई। अपराध प्रमाणित होने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। साथ ही घटना में संलिप्त दो बाल अपचारियों को डिटेन किया गया तथा वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया है। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी भंवरलाल, उप निरीक्षक कैलाश चन्द्र, उप निरीक्षक बिहारी लाल, कांस्टेबल कय्यूम, कमल एवं जालिम सिंह शामिल रहे।

### ऋषभदेव थाना पुलिस की त्वरित कार्रवाई

## व्यापारी व उसके बेटे पर जानलेवा हमला करने वाले 07 आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** ऋषभदेव थाना क्षेत्र में व्यापारी एवं उसके बेटे पर जानलेवा हमला करने की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर सात आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथौड़ा एवं मोटरसाइकिल भी जब्त कर




ली है। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल एवं वृताधिकारी ऋषभदेव राजीव राहर के सुपरविजन में थानाधिकारी ऋषभदेव हेमंत अहारी के नेतृत्व में टीम द्वारा कार्रवाई को अंजाम दिया गया। प्रकरण संख्या 134/2026 में करवा ऋषभदेव क्षेत्र में मोटरसाइकिल को साइड देने की बात को लेकर हुए विवाद में व्यापारी एवं उसके बेटे पर आरोपियों द्वारा जानलेवा हमला किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सातों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में दिलीप पिता प्रकाश निवासी पीपलिया भाउवा, श्रीपाल पिता प्रकाश निवासी पीपलिया भाउवा, जयति पिता चेतन निवासी दरी फला कानुवाड़ा, सुंदर पिता कैलाश निवासी दरी फला कानुवाड़ा, महेश पिता शंकर निवासी दरी फला कानुवाड़ा, जगदीश पिता मंगला निवासी दरी फला कानुवाड़ा एवं राहुल पिता नारायण निवासी बिलखाई कानुवाड़ा थाना ऋषभदेव शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथौड़ा एवं मोटरसाइकिल जब्त की है। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

### सविना थाना पुलिस की कार्यवाही

## व्यापारी के साथ मारपीट करने वाले 02 बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** सविना थाना क्षेत्र में व्यापारी के साथ मारपीट की घटना में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर




उमेश ओझा तथा वृताधिकारी नगर पूर्व सूर्यवीर सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी सविना गजवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया। प्रकरण में सविना चौराहे के पास व्यापारी के साथ मारपीट की घटना सामने आई थी।

# विशेष निरोधात्मक अभियान: अवैध मदिरा के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, हजारों लीटर वॉश व भट्टियां नष्ट

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत व्यापक स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। अभियान के अंतर्गत नाकाबंदी, सघन गश्त और दबिश के माध्यम से आबकारी निरोधक दल लगातार कार्रवाई कर रहे हैं।

प्रदेश के विभिन्न जिलों–उदयपुर, जयपुर, हनुमानगढ़, भरतपुर एवं श्रीगंगानगर में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए हजारों लीटर वॉश नष्ट किया गया तथा कई स्थानों पर शराब बनाने की भट्टियों को भी ध्वस्त किया गया। साथ ही आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार अभियोग दर्ज किए गए हैं।

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में जीरो टोलरेंस नीति के तहत अन्य राज्यों से होने वाली शराब तस्करी तथा अवैध मदिरा के परिवहन एवं विक्रय पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।









उदयपुर जिले के आबकारी थाना क्षेत्र गोगुंदा में आबकारी निरोधक दल ने दबिश देकर करीब 2 हजार लीटर वॉश नष्ट किया और 2 अभियोग दर्ज किए। वहीं जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के चाकसू के देवगांव, सांभरिया, अचलपुरा, सीतारामपुरा, नारान बाबा की ढाणी, बागड़िया, मूंडली तथा शाहपुरा क्षेत्र के मिनो की बाढ़ में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 10 हजार लीटर वॉश एवं शराब बनाने की भट्टियां नष्ट कर 105 लीटर हथकड़ शराब जब्त की गई। इस कार्रवाई में 3 अभियोग दर्ज किए गए।

हनुमानगढ़ जिले के नोहर, भादरा एवं संगरिया क्षेत्रों में 800 लीटर वॉश नष्ट कर 4 अभियोग दर्ज किए गए। भरतपुर जिले के सीकरी, कुरकैन, अलघानी, डमोडकी तथा बयाना क्षेत्र के खार का नाला एवं पहाड़पुर की नट बस्ती में कार्रवाई कर 500 लीटर वॉश नष्ट किया गया और अभियोग दर्ज किए गए। श्रीगंगानगर ग्रामीण क्षेत्र में भी अवैध हथकड़ शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत 2 अभियोग दर्ज किए गए।

प्रदेशभर में जारी इस अभियान के तहत अतिरिक्त आबकारी आयुक्त, आबकारी उपायुक्त, जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक एवं निरोधक दल संयुक्त रूप से कार्य करते हुए अवैध मदिरा के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रहे हैं।

आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध मदिरा के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी 5 मई को खमनोर-रेलमगरा दौरे पर, विकास कार्यों का करेंगी लोकार्पण व शिलान्यास

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी 5 मई 2026 को नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र के खमनोर एवं रेलमगरा मंडल के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान उनके साथ



राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ एवं विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ भी मौजूद रहेंगे। तीनों जनप्रतिनिधि विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन, शिलान्यास एवं लोकार्पण कर आमसभाओं को संबोधित करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खमनोर मंडल में शाम 4 बजे पीएम श्री विद्यालय गांवगुड़ा में उद्घाटन, शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम के साथ आमसभा आयोजित होगी। यहां पीएम श्री विद्यालय गांवगुड़ा का उद्घाटन, सांसद मद से निर्मित खमनोर से सेमल सड़क का लोकार्पण, अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण तथा नॉन पेचेबल सड़कों का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम के पश्चात अल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था भी रहेगी। इसके बाद शाम 6:30 बजे रेलमगरा मंडल के गौण मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सहित सांसद एवं विधायक भाग लेंगे। यहां लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित गौण मंडी रेलमगरा का उद्घाटन, लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से बनी रेलमगरा से बनेडिया सड़क का उद्घाटन, अटल गौरव पथ सड़क का शिलान्यास तथा लगभग 2.5 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नॉन पेचेबल सड़कों का लोकार्पण किया जाएगा।

# महिलाओं ने ही गढ़ दिए माधव की कहानी के सभी किरदार

## शिल्पग्राम में माधव नाटक का प्रभावशाली मंचन, दर्शकों ने सराहा प्रस्तुति

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के अंतर्गत रविवार को शिल्पग्राम स्थित दर्पण सभागार में ह्यमाधवह्न नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया। दर्शकों से खचाखच भरे सभागार में इस प्रस्तुति को खूब सराहा गया।









पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी ने बताया कि मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के तहत कारवां थिएटर ग्रुप मुंबई, संपूर्णम् एवं वेदा फैक्ट्री मुंबई द्वारा विमन ट्रिओलॉजी श्रृंखला के दूसरे नाटक माधव का मंचन किया गया। नाटक का निर्देशन कुलविंदर बख्शीश सिंह और लेखन आशुतोष द्विवेदी द्वारा किया गया।

नाटक की सबसे विशेष बात यह रही कि इसमें सभी किरदार महिलाओं द्वारा निभाए गए। विनीता जोशी, नॉयरिका, चांदनी श्रीवास्तव और संजना देशमुख ने मंच पर करीब 40 अलग-अलग किरदारों को सशक्त अभिनय के साथ जीवंत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

नाटक की शुरूआत कर्ण के अंतिम दृश्य से होती है, जहां कर्ण और श्रीकृष्ण के बीच संवाद के माध्यम से जीवन के संघर्ष और पीड़ा को दशार्या गया। इसके बाद कहानी श्रीकृष्ण के जीवन के विभिन्न पहलुओं को उजागर करती है, जिसमें द्वारिका की स्थापना, मथुरा की स्मृतियां और जनवादी सत्ता की अवधारणा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।

प्रस्तुति में यह भी दशार्या गया कि श्रीकृष्ण केवल पूजनीय ही नहीं, बल्कि एक विचार और दर्शन हैं, जिन्हें समझने की आवश्यकता है। नाटक के अंतिम दृश्य में राधा के माध्यम से कृष्ण के भाव को आत्मसात करने का संदेश दिया गया, जिसने दर्शकों को भावुक कर दिया।

नाटक में संगीत एआर रहमान का रहा, जबकि हंसिका अय्यर की आवाज में प्रस्तुत गीतों ने माहौल को और अधिक प्रभावशाली बना दिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर केंद्र के उपनिदेशक (कार्यक्रम) पवन अमरावत, कार्यक्रम अधिशासी राकेश मेहता, दयाराम सुथार, सिद्धांत भटनागर सहित केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी और शहर के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक निदेशक (वित्तीय एवं लेखा) दुर्गेश चांदवानी ने किया।

# ग्राम रथ अभियान का तलादरी में भव्य आयोजन, योजनाओं की जानकारी से जागरूक हुए ग्रामीण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** विधानसभा क्षेत्र कुंभलगढ़ की ग्राम पंचायत तलादरी (केलवाड़ा) में रविवार को समृद्ध किसान खुशहाल राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम रथ अभियान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता देखने को मिली और ग्राम रथ का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। प्रशासक गोवर्धन भील एवं पंचायत समिति सदस्य मांगीलाल मेघवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने योजनाओं के प्रति विशेष रुचि दिखाई और विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही जानकारी का लाभ उठाया।

कार्यक्रम के दौरान पेयजल समस्या प्रमुख रूप से सामने आई, जिस पर उपखंड अधिकारी साक्षी पूरी ने तत्परता दिखाते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता को निर्देश दिए कि वे संपूर्ण पंचायत क्षेत्र का दौरा कर समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें तथा पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं।

### कला जत्था दल ने दी योजनाओं की रोचक जानकारी

कार्यक्रम की शुरूआत कला जत्था दल की आकर्षक प्रस्तुतियों से हुई। दल ने गीत, नाटक एवं संवाद के माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, मंगला पशु बीमा योजना, महिला गरिमा हेल्पलाइन सहित अन्य योजनाओं का उल्लेख करते हुए ग्रामीणों को इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

### स्वास्थ्य जागरूकता और ओआरएस किट वितरण

गर्मी के मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। एएनएम ने ग्रामीणों को उल्टी-दस्त जैसी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए और ओआरएस




किट वितरित किए। इस पहल से ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी और उन्होंने इसे सराहनीय कदम बताया।

### विभिन्न विभागों के अधिकारी रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विकास अधिकारी पंचायत समिति कुंभलगढ़ मांगीलाल गुजर, सहायक पुलिस निरीक्षक केलवाड़ा थाना, रथ प्रभारी, कृषि अधिकारी मनोहर शंकर आचार्य, सहायक विकास अधिकारी राजेश जोशी, भू अभिलेख निरीक्षक भगवतीलाल गायरी, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग विमल अग्रवाल, विद्युत निगम अभियंता गजेंद्र चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी विजयेंद्र सिंह शेखावत, कृषि अधिकारी कालूलाल कुमावत, पशुधन सहायक विकास कुमार, कृषि पर्यवेक्षक मनीष शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डिजिटल रथ के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं का प्रदर्शन किया गया। इस माध्यम से ग्रामीणों को सरल और प्रभावी तरीके से जानकारी उपलब्ध कराई गई, जिससे वे योजनाओं का लाभ लेने के प्रति अधिक जागरूक हुए। ग्राम रथ अभियान ने न केवल योजनाओं के प्रचार-प्रसार को गति दी, बल्कि प्रशासन और ग्रामीणों के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है।

## अशोक राजपुरोहित का नागरिक अभिनंदन



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** स्थानीय नीम गोरिया खेतलाजी मंदिर परिसर में समाजसेवी अशोक राजपुरोहित को नागरिक कल्याण मंच की ओर से सम्मानित किया गया। गत दिनों जयपुर में आयोजित सर्व ब्राह्मण महासभा के राज्य स्तरीय विशाल सम्मेलन में वराड़ा निवासी समाजसेवी, भामाशाह एवं राजपुरोहित समाज आसोतरा के ट्रस्टी तथा विप्र फाउंडेशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक राजपुरोहित को राज्य स्तरीय ब्राह्मण गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया था। इस सम्मान के उपरांत प्रथम बार भीनमाल आगमन पर नगरवासियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर खेतलाजी मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अशोक राजपुरोहित का तिलक, माला, साफा एवं अंगवस्त्र पहनाकर तथा महाकवि माघ स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी ने कहा कि अशोक राजपुरोहित ने समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर योगदान देते हुए जनहित में तन, मन और धन से सहयोग प्रदान किया है, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में खेतलाजी ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेमाराम बंजारा, संरक्षक श्यामलाल दवे, कांग्रेस नगर अध्यक्ष कपुराराम जीनगर, समाजसेवी राव पहाड़सिंह, वासुदेव अवस्थी, राव बाबुसिंह, महेंद्र शर्मा, कालूराम परमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## विश्व शांति की कामना से शांतिविधान का आयोजन, 50 जोड़ों ने श्रद्धा से किया पूजन



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** विश्व शांति और सुख-समृद्धि की कामना से श्री आदिनाथ जैन मंदिर, हिरण मगरी सेक्टर 4 में शांतिविधान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर धार्मिक आस्था का परिचय दिया। इस अवसर पर लगभग 50 जोड़ों ने विधिवत पूजा-विधान में सहभागिता करते हुए विश्व में शांति और सद्भाव की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। मंदिर अध्यक्ष के.के. जैन ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने में कई समाजसेवियों का विशेष योगदान रहा। उन्होंने श्री अरविंद पाड़लिया, श्री श्रवण कवालिया, श्री जितेंद्र रजावत, श्री महावीर करेजरिया एवं श्री धर्मेन्द्र रोड़ावत का अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया। विधान पूजन सामग्री एवं प्रभावना का सहयोग श्री मुकेश घाटलिया परिवार द्वारा प्रदान किया गया।

# 450 वर्ष पुराने किले के पुनर्जीवन प्रोजेक्ट पर उदयपुर के गौरव सिंघवी को डिजाइन अनफिल्टर्ड अवॉर्ड 2026

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** शहर में आयोजित डिजाइन अनफिल्टर्ड कॉन्क्लेव उदयपुर एडिशन के दौरान प्रतिष्ठित होटल रैडिसन ब्लू में आयोजित समारोह में उदयपुर के वास्तु सलाहकार एवं इंटीरियर आर्किटेक्ट गौरव सिंघवी को हॉस्पिटैलिटी आर्किटेक्चर श्रेणी में डिजाइन अनफिल्टर्ड अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। गौरव सिंघवी को यह सम्मान उनके




प्रोजेक्ट रिअवेकनिंग ए फॉरगॉटन सिटाडेल इंटू ए लिविंग हेरिटेज के लिए प्रदान किया गया, जिसमें लगभग 450 वर्ष पुराने किले के संरक्षण और पुनर्जीवन का कार्य किया गया है।

इस प्रोजेक्ट में स्थानीय सामग्री, पारंपरिक रंगों और क्षेत्रीय वनस्पतियों का उपयोग करते हुए किले की मूल पहचान को सुरक्षित रखा गया। किले के लगभग 30 प्रतिशत क्षतिग्रस्त हिस्से का पुनर्निर्माण मूल स्वरूप के अनुरूप किया गया, जबकि 90 प्रतिशत से अधिक संरचना को यथावत संरक्षित रखा गया।

किले की दीवारें, मुख्य द्वार और मूल स्थापत्य शैली को बिना बदलाव के संरक्षित रखते हुए पारंपरिक कारीगरी का व्यापक उपयोग किया गया। इसमें स्थानीय पत्थर, संगमरमर, कोटा स्टोन की जालियां, झरोखे, घोकड़ा शैली तथा प्राकृतिक रंगों जैसे येलो ओखर का प्रयोग किया गया।

भीतरी दीवारों पर मेवाड़ी शैली की फ्रेस्को आर्ट, डीप पिंक, मेवाड़ी ब्लू और कृष्ण लीला थीम्स के माध्यम से सांस्कृतिक सौंदर्य को जीवंत किया गया।

प्रोजेक्ट के दौरान मौजूदा पेड़ों को सुरक्षित रखते हुए उन्हें डिजाइन का हिस्सा बनाया गया। बंजर भूमि को हरित लैंडस्केप में बदलते हुए प्राकृतिक पाथवे और उद्यान विकसित किए गए। ओवरहेड वाटर टैंक को पारंपरिक गुंबद के रूप में डिजाइन किया गया ताकि किले की स्काईलाइन प्रभावित न हो। वहीं ओपन टू स्काई स्विमिंग पूल को स्थानीय सामग्री से तैयार कर आधुनिक सुविधा और पारंपरिक सौंदर्य का संतुलन प्रस्तुत किया गया। इस कॉन्क्लेव में देशभर से 175 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं, जिनमें से केवल 39 प्रोजेक्ट्स को नामांकन के लिए चुना गया।

## खबर संक्षेप

### भीण्डर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## अफीम डोडा चूरा से भरी ऑल्टो कार जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत भीण्डर




थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डोडा चूरा से भरी एक ऑल्टो कार को जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज के निदेर्शानुसार जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल एवं वृताधिकारी वल्लभनगर राजेन्द्र सिंह जैन के सुपरविजन में थानाधिकारी भीण्डर मुकेशचन्द्र के नेतृत्व में टीम द्वारा दिनांक 02.05.2026 को थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान एक संदिग्ध ऑल्टो कार का पीछा कर डोडियों का खेड़ा जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी कर रोका गया। कार नंबर आरजे 27 सीएल 5527 की तलाशी लेने पर वाहन में अवैध अफीम डोडा चूरा भरा हुआ पाया गया। इस पर पुलिस ने चालक पवन पिता मदनलाल निवासी दुढिया थाना वल्लभनगर जिला उदयपुर को डिटेन कर पूछताछ की, जिसमें अपराध प्रमाणित होने पर उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 03 प्लास्टिक कट्टों में भरा कुल 47 किलो 80 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा तथा परिवहन में प्रयुक्त ऑल्टो कार को जब्त किया है। इस संबंध में प्रकरण संख्या 78/2026 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट में दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है, जिसका अनुसंधान थानाधिकारी खेरोदा द्वारा किया जा रहा है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी मुकेशचन्द्र, उप निरीक्षक हिम्मत सिंह, हेड कांस्टेबल दुधाराम, कांस्टेबल निखिल, रामावतार, रिंकूराम एवं नारायणलाल शामिल रहे।

### प्रयागराज–लखनऊ प्रकरण: सीबीआई कोर्ट का बड़ा फैसला

## प्रतापगढ़ पुलिस निरीक्षक हत्याकांड में आरोपी को 10 वर्ष कारावास, 9 हजार रुपए जुमार्ना

**लखनऊ/प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया।** बहुचर्चित प्रतापगढ़ पुलिस निरीक्षक हत्याकांड में सीबीआई की विशेष अदालत ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी जीशान खान को




दोषी करार दिया है। विशेष न्यायाधीश, सीबीआई कोर्ट लखनऊ ने 2 मई 2026 को आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 9 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया। यह मामला 19 नवंबर 2015 का है, जब प्रतापगढ़ के कोतवाली थाने में तैनात निरीक्षक अनिल कुमार की होटल वैष्णवी के मॉडल शॉप में हत्या कर दी गई थी। प्रारंभ में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। बाद में इलाहाबाद हाईकोर्ट, लखनऊ पीठ के आदेश दिनांक 23 मई 2018 के अनुपालन में 29 जून 2018 को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने मामले की जांच अपने हाथ में ली। सीबीआई की जांच पूरी होने के बाद दो आरोपियों जीशान खान और बोचा उर्फ राजू सोनी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया। 22 फरवरी 2021 को न्यायालय ने मामले का संज्ञान लिया तथा 14 दिसंबर 2022 को दोनों आरोपियों के विरुद्ध आरोप तय किए गए। मुकदमे की सुनवाई के दौरान आरोपी जीशान खान ने 4 अप्रैल 2026 को लिखित रूप में अपने अपराध को स्वीकार कर लिया। इसके बाद 10 अप्रैल 2026 को उसका प्रकरण मुख्य मामले से पृथक कर नया वाद क्रमांक 574/2026 आवंटित किया गया। न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों एवं आरोपी के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर उसे दोषी मानते हुए सजा सुनाई। मामले में दूसरे आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही अलग से जारी है। सीबीआई द्वारा की गई इस प्रभावी पैरवी और जांच को न्यायालय ने निर्णायक मानते हुए दोष सिद्ध किया, जिससे लंबे समय से लंबित इस प्रकरण में न्याय सुनिश्चित हो सका।

# मैथुड़ी में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य शुभारंभ

## आचार्य पुण्यसागर महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश, निकली घटयात्रा व हुआ ध्वजारोहण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत**












**गींगला/मैथुड़ी।** निकटवर्ती ग्राम मैथुड़ी में दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में नवनिर्मित श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर के 6 दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ अत्यंत भव्य एवं धार्मिक वातावरण में हुआ। प्रथम दिन आचार्य पुण्यसागर महाराज ससंघ का प्रातःकाल मंगल प्रवेश हुआ, जिसका सकल दिगंबर जैन समाज एवं प्रतिष्ठा महोत्सव समिति द्वारा बैंड-बाजों और भक्तिमय वातावरण में भव्य स्वागत किया गया। प्रवक्ता अनिल स्वर्णकार ने जानकारी देते हुए बताया कि आचार्य कल्प पुण्यसागर महाराज ससंघ के सानिध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य दिनेश जुसावत अदवास के निर्देशन में महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर लक्ष्मी देवी जमनालाल हपावत परिवार द्वारा ध्वजारोहण तथा मोहनीबाई भामावत परिवार द्वारा पाण्डाल उद्घाटन किया गया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य पुण्यसागर महाराज ने कहा कि गर्भ से निर्वाण तक की यात्रा ही पंचकल्याणक है, जो कंकर को शंकर और पाषाण को परमात्मा बनाने की शक्ति रखती है। उन्होंने कहा कि जीवन में संस्कारों का अत्यंत महत्व है और संस्कारों के प्रभाव से ही निर्जीव प्रतिमा भी पूजनीय बन जाती है। इस अवसर पर उदयपुर जैन समाज अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत, ग्लोबल महासभा अध्यक्ष जमनालाल हपावत, झाड़ोल जैन समाज अध्यक्ष केशुलाल मालवी, भंवरलाल मुंडलिया, राजेश देवड़ा, बंसीलाल देवड़ा, भेरूलाल गांधी, मोहनलाल गांधी सहित उदयपुर, मुंबई, मेवाड़-वागड़ एवं छप्पन क्षेत्र से आए सैकड़ों समाजजन उपस्थित रहे।

### याग मंडल विधान एवं मांगलिक आयोजन

दोपहर में प्रतिष्ठाचार्य दिनेश जुसावत एवं सह-प्रतिष्ठाचार्य पंडित देवीलाल ढालावत के निर्देशन में याग मंडल विधान आयोजित हुआ। इस दौरान सकलीकरण, इंद्र प्रतिष्ठा, मंडप प्रतिष्ठा, मंगल कलश स्थापना तथा अखंड ज्योति दीप प्रज्वलन सहित विभिन्न मांगलिक क्रियाएं संपन्न हुईं। कार्यक्रम का संचालन हेमराज धताणिया द्वारा किया गया।

### शाम को गर्भ कल्याणक पूर्वार्ध के आयोजन

सायंकालीन कार्यक्रम में मंगल आरती के साथ गर्भ कल्याणक पूर्वार्ध के अंतर्गत कुबेर आगमन, नगरी रचना, रत्नवृष्टि, अष्टकुमारियों द्वारा माता सुलक्षणा की सेवा, तीर्थंकर माता के 16 स्वप्न दर्शन एवं अन्य धार्मिक क्रियाएं भावपूर्ण ढंग से संपन्न हुईं। प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष शांतिलाल गणावत ने बताया कि 4 मई को गर्भ कल्याणक उत्तरार्ध के विभिन्न आयोजन होंगे। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओड समाज को बड़ी सौगात

# जयपुर में छात्रावास और रामदेवरा में धर्मशाला के लिए भूमि आवंटन की घोषणा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com










**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ओड समाज को बड़ी सौगात देते हुए जयपुर में छात्रावास तथा रामदेवरा में धर्मशाला के लिए भूमि आवंटन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ओड समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है और इस समाज ने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

मुख्यमंत्री रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित ओड समाज संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रम, संस्कृति और स्वाभिमान ओड समाज की पहचान है। किलों, महलों और विशेष रूप से जल संरचनाओं के निर्माण में इस समाज की अद्भुत कला और योगदान रहा है। राजस्थान में जल संरक्षण की परंपरा को समृद्ध बनाने में भी ओड समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पेयजल एवं सिंचाई परियोजनाओं को तेजी से धरातल पर उतार रही है और किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं, किसानों और जरूरतमंद वर्गों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ व्यापक स्तर पर मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत और विकसित राजस्थान 2047 के लक्ष्य को लेकर सरकार निरंतर कार्य कर रही है। श्रमिकों के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए श्रम नीति में सम्मान, सुरक्षा और सुविधाओं को आधार बनाया गया है। श्रम योगी मान-धन योजना के तहत हजारों श्रमिकों को पेंशन से जोड़ा गया है, वहीं ई-श्रम पोर्टल पर लाखों श्रमिकों का पंजीयन किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत दस्तकारों को कम ब्याज दर पर ऋण और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के माध्यम से श्रमिकों, स्ट्रीट वेंडर्स और लोक कलाकारों को 60 वर्ष की आयु के बाद मासिक पेंशन का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि की गई है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाखों श्रमिकों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इसके अलावा एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं का विस्तार किया गया है तथा घुमंतू एवं अर्द्ध-घुमंतू समुदायों के उत्थान के लिए विशेष योजनाएं लागू की गई हैं।

मुख्यमंत्री ने ओड समाज के युवाओं से आधुनिक कौशल प्रशिक्षण अपनाकर आत्मनिर्भर बनने, महिलाओं को सशक्त बनाने और समाज के समग्र विकास में भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में ओड महासभा के अध्यक्ष प्रेम ओड सहित समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## सफलता की कहानी

### मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण से प्रेरित किसान, जयसमंद के शंकर मीणा ने शुरू की 50 कॉलोनी की यूनिट



**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** जिले में उद्यान विभाग द्वारा आयोजित मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण किसानों के लिए प्रेरणादायक साबित हो रहा है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को प्रायोगिक जानकारी देने हेतु कोटा से विशेषज्ञ नरेन्द्र मालव को मधुमक्खी बॉक्स एवं कॉलोनी सहित आमंत्रित किया गया। प्रशिक्षण इतना प्रभावी रहा कि एक जनजाति किसान ने मौके पर ही योजना की जानकारी लेकर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर ली।

#### प्रशिक्षण से बदली दिशा, शुरू किया नया व्यवसाय

ब्लॉक जयसमंद के ग्राम गातोड़ निवासी कृषक शंकर मीणा पुत्र ऊकार जी मीणा ने 25 फरवरी 2026 को आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण से प्रेरित होकर उन्होंने अपनी कृषि भूमि के पास हरियाली युक्त क्षेत्र में 50 मधुमक्खी कॉलोनी एवं 50 बॉक्स स्थापित कर मधुमक्खी पालन शुरू किया। मार्च माह के अंत तक यूनिट स्थापित कर उत्पादन भी प्रारंभ कर दिया गया।

कोटा से आए विशेषज्ञ नरेन्द्र मालव ने मौके पर पहुंचकर उन्हें मधुमक्खी पालन की व्यवहारिक जानकारी दी। शंकर मीणा ने बताया कि मधुमक्खियों की सक्रियता से फसलों में परागण बढ़ा है, जिससे उत्पादन में वृद्धि हो रही है। साथ ही शहद एवं मोम के विक्रय से अतिरिक्त आय का स्त्रोत भी विकसित हुआ है। उन्होंने बताया कि शुद्ध शहद की मांग अधिक होने के कारण खरीदार स्वयं संपर्क कर रहे हैं।

#### योजना के तहत 40 प्रतिशत अनुदान

उप निदेशक उद्यान सलूम्बर पुरुषोत्तम लाल भट्ट ने बताया कि विभागीय योजना के अंतर्गत किसानों को 40 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। एक किसान को 50 मधुमक्खी बॉक्स एवं 50 कॉलोनी पर अधिकतम 80 हजार रुपये तक अनुदान मिलता है। इसके अतिरिक्त 20 हजार रुपये मूल्य की मधुमक्खी किट निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।

किसानों का मधुकांति पोर्टल पर पंजीयन कर उन्हें निरंतर तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। विभाग का मानना है कि शंकर मीणा की यह पहल अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक बनेगी और जिले में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा मिलेगा।

## एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र, राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन जैन पदमावत ने उठाया मुद्दा, जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

# जावद में नाली व्यवस्था ध्वस्त, सड़कों पर बहता गंदा पानी बना जनस्वास्थ्य के लिए खतरा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** जिले की ग्राम पंचायत जावद में नाली निर्माण और जल निकासी व्यवस्था के अभाव ने अब विकराल रूप ले लिया है। मुख्य चौराहे सहित आसपास के प्रमुख मार्गों पर गंदा पानी जमा होकर कीचड़ और जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है, जिससे आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है और जनस्वास्थ्य पर गंभीर संकट मंडरा रहा है।


इस गंभीर समस्या को एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी ने प्रमुखता से उठाते हुए मुख्यमंत्री को लिखित शिकायत प्रेषित की है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष मीडिया सेल पवन जैन पदमावत द्वारा भेजे गए पत्र में जावद की बदहाल स्थिति को उजागर करते हुए तत्काल समाधान की मांग की गई है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि गांव में नालियों का निर्माण नहीं होने के कारण घरों और दुकानों का गंदा पानी सड़कों पर ही फैल रहा है। जल निकासी के अभाव में मार्गों पर लगातार पानी जमा हो रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। इन मार्गों से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीणों का आवागमन होता है, जिनमें स्कूली बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और मजदूर शामिल हैं। जलभराव के कारण लोगों को फिसलन, दुर्घटनाओं और आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

गंदे पानी के जमाव से मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, जिससे डेंगू, मलेरिया सहित अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से समस्या बनी हुई है, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

स्थिति की गंभीरता इस बात से स्पष्ट होती है कि स्थानीय दुकानदार स्वयं नालियों की सफाई और पानी निकासी के प्रयास कर रहे हैं, जबकि यह जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित विभाग की है। यह सीधे तौर पर प्रशासनिक लापरवाही और उदासीनता को दशार्ता है। एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी ने अपने पत्र में मांग की है कि जावद में प्राथमिकता के आधार पर नाली निर्माण कार्य शुरू किया जाए तथा स्थायी जल निकासी व्यवस्था विकसित की जाए। साथ ही लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

पवन जैन पदमावत ने मुख्यमंत्री से इस गंभीर जनहित के विषय पर त्वरित हस्तक्षेप कर समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके और गांव में स्वच्छता एवं सुचारू आवागमन बहाल हो सके। इस संबंध में शिकायत की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर सलूंबर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सलूंबर तथा विकास अधिकारी पंचायत समिति जयसमंद को भी भेजी गई है। ग्रामीणों को अब उम्मीद है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर शीघ्र संज्ञान लेकर ठोस कार्रवाई करेगा और जावद को जलभराव एवं गंदगी से निजात दिलाएगा।








## खबर संक्षेप

### मध्यस्थगण हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर द्वारा मध्यस्थगण के लिए एक





दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्ञान प्रकाश गुप्ता ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर न्यायाधीश वाणिज्यिक न्यायालय एवं मिडिएशन इंचार्ज महेंद्र कुमार दवे, न्यायाधीश पॉक्सो न्यायालय क्रम संख्या-2 भीलवाड़ा अर्चना मिश्रा, प्रशिक्षित मध्यस्थ एवं अधिवक्ता जोधपुर प्रमिला आचार्य सहित विभिन्न न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

एडीजे कुलदीप शर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण सर्वोच्च न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य मध्यस्थों को प्रक्रिया संबंधी व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान अर्चना मिश्रा एवं प्रमिला आचार्य द्वारा मध्यस्थता की संपूर्ण प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार प्रकरण के रेफरल से लेकर अंतिम निस्तारण तक मध्यस्थता केंद्र की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। प्रशिक्षण में रोल प्ले के माध्यम से भी प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव कराया गया, जिसमें पक्षकारों को संतुष्ट करते हुए विवादों के समाधान की तकनीक समझाई गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अंबिका सोलंकी सहित विभिन्न जिलों– बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, राजसमंद एवं डूंगरपुर से आए न्यायिक अधिकारियों एवं चयनित अधिवक्ताओं ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से मध्यस्थों को विवादों के शांतिपूर्ण एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने में मदद मिलेगी।

### जज का पार्थिव शरीर पहुंचा अलवर, राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

अलवर @ पदमावत मीडिया। राजस्थान में अलवर के रहने वाले न्यायिक अधिकारी अमन शर्मा की आत्महत्या ने हर किसी को झकझोर दिया है। दिल्ली की एक पॉश कॉलोनी में हुई इस घटना के बाद रविवार को उनका पार्थिव शरीर अलवर लाया गया, जहां उनहा पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पिता एडवोकेट प्रेम कुमार शर्मा ने बेटे को मुखाग्नि दी। इस दौरान परिवार, रिश्तेदार और कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान कैडर के कई सीनियर जज अलवर पहुंचे।

अमन शर्मा के परिजनों ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। अमन की पत्नी ने अमन के पिता का अपमान किया था। उस अपमान को अमन सहन नहीं कर पाया और उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया। दो दिन पहले अमन ने अपने पिता को कॉल किया था। उन्होंने कहा था कि वह जीना नहीं चाहते। जीवन जीना संभव नहीं हो रहा है। यह सुनकर पिता तुरंत दिल्ली पहुंचे।

अमन की साली जम्मू में आईएएस हैं। पत्नी के चाचा ससुर उस वक्त वहीं थे। परिजनों ने बताया कि उनकी साली के कारण घर में विवाद हो रहा था, वो अमन की पत्नी को भड़काती थीं। वह भी अपने पति से अलग रहती हैं। उनके पति दिल्ली पुलिस में सीनियर आईपीएस हैं। परिजनों ने बताया कि अमन की पोस्टिंग 2021 में हुई थी। अमन के छोटे भाई भी सड़क दुर्घटना के बाद मानसिक अवसाद में हैं। वह एलएलबी कर रहे हैं। परिजनों ने कहा कि यह छोटी घटना नहीं है। यह एक अपराध है। दोषी को इसकी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शादी के बाद अमन की पत्नी अलवर कम आती थीं। कुछ महीने पहले उनकी डिलीवरी अलवर के एक प्राइवेट अस्पताल में हुई थी। अमन और उनकी पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। जब अमन ने आत्महत्या की तो उस समय पत्नी की बहन भी घर में मौजूद थीं।

# जिला कलेक्टर देशलदान का आसपुर क्षेत्र दौरा सिंचाई परियोजना 2.0 के कार्यों का किया निरीक्षण

## हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता : जिला कलेक्टर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com













**डूंगरपुर।** जिला कलेक्टर देशलदान ने रविवार को आसपुर उपखंड क्षेत्र का दौरा कर प्रधानमंत्री सिंचाई परियोजना 2.0 के तहत संचालित विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन (एनआरएम) के अंतर्गत ग्राम पंचायत काठडी, खेड़ा सामोर एवं वसुंधरा छोटी में निर्मित एनीकट कार्यों का जायजा लेते हुए मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर दुर्गम क्षेत्र काठडी में पैदल पहुंचकर एनीकट का अवलोकन किया और जमीनी स्तर पर फीडबैक लिया। उन्होंने अधिकारियों से कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं उपयोगिता की जानकारी लेकर कार्यों को प्रभावी एवं टिकाऊ बनाने के निर्देश दिए।

**सोम–कमला–आंबा बांध स्थित परियोजनाओं का निरीक्षण**

दौरे के दौरान जिला कलेक्टर ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित सोम-कमला-आंबा बांध स्थित पेयजल परियोजनाओं का निरीक्षण किया। यहां 151 एवं 61 ग्रामों के लिए बनाए गए इंटेक वेल का अवलोकन करते हुए रॉ वाटर को पंपसेट के माध्यम से फिल्टर प्लांट तक पहुंचाने की प्रक्रिया को समझा और संचालन को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए।

**फिल्टर प्लांट की क्षमता और प्रगति की समीक्षा**

जिला कलेक्टर ने 61 ग्रामों की योजना के अंतर्गत 7.9 एमएलडी क्षमता वाले फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर जल शोधन प्रक्रिया की जानकारी ली। साथ ही जल जीवन मिशन के अंतर्गत निमार्णाधीन 3.3 एमएलडी क्षमता के फिल्टर प्लांट का अवलोकन करते हुए शेष कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**151 ग्रामों की पेयजल परियोजना पर विशेष ध्यान**

ब्लॉक आसपुर, दोवड़ा एवं डूंगरपुर के 151 ग्रामों के लिए बनाई गई 21.29 एमएलडी क्षमता वाली पेयजल परियोजना का भी निरीक्षण किया गया। जिला कलेक्टर ने गुणवत्ता, समयबद्धता एवं तकनीकी मानकों के पालन पर विशेष जोर दिया।

**SCADA सिस्टम को पूर्णतः ऑटोमैटिक करने के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने पीएलसी-स्काडा सिस्टम को पूर्णतः ऑटोमैटिक मोड पर संचालित करने के निर्देश दिए और एक माह बाद पुनः समीक्षा करने की बात कही।

**ग्रामीणों से संवाद, समस्याओं का समाधान**

दौरे के अंत में ग्राम खोती में पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण कर जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद किया। कुछ घरों में नल कनेक्शन नहीं होने की जानकारी मिलने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी आसपुर बाबूलाल जाट, तहसीलदार भू-जल संरक्षण अधीक्षण अभियंता मूलाराम सोलंकी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम रथ अभियान : योजनाओं की जानकारी सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम

## धारोंद में संध्या चौपाल, जिला कलेक्टर ने दी योजनाओं की उपयोगी जानकारी







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** जिले की सलूंबर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत धारोंद में शनिवार को जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनेद पी पी की अध्यक्षता में ग्राम रथ अभियान के तहत संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की उपयोगी जानकारी देते हुए अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों एवं आमजन से सीधा संवाद कर योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी ली तथा उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। उन्होंने बताया कि ग्राम रथ अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों, पशुपालकों और ग्रामीणों तक योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी सरल और प्रभावी तरीके से पहुंचाना है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे।

उन्होंने कहा कि अभियान के तहत राज्य सरकार के 13 विभागों से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही प्रचार-प्रसार सामग्री एवं मार्गदर्शिका भी वितरित की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकारों और कला जत्थों ने कठपुतली, गीत-संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से योजनाओं का रोचक तरीके से प्रचार-प्रसार किया। एलईडी वैन के जरिए योजनाओं से संबंधित वीडियो फिल्में भी प्रदर्शित की गईं।

इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए ग्रामीणों से इनका लाभ लेने की अपील की।

जिला कलेक्टर ने संध्या चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों से जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि नागरिक se.census.gov.in पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर इस राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा बनें। उन्होंने बताया कि यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें डेटा संग्रहण डिजिटल माध्यम से किया जाएगा।

## पशु बलि के खिलाफ जागरूकता अभियान

### समस्त महाजन संस्था ने नेपाल में भेजी प्रचार सामग्री

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**




**भीनमाल।** समस्त महाजन संस्था द्वारा पशु बलि के विरुद्ध व्यापक जागरूकता अभियान संचालित करते हुए नेपाल में प्रचार सामग्री भेजी गई है, ताकि वहां पशु क्रूरता के खिलाफ जनजागरण को बढ़ावा दिया जा सके। संस्था के प्रतिनिधि हीरालाल जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत नोटबुक कवर, स्टिकर्स, बॉल पेन, टोपी सहित विभिन्न प्रकार की प्रचार सामग्री तैयार करवाई गई है। इन सामग्रियों पर आकर्षक चित्रों और प्रभावशाली स्लोगन के माध्यम से जीव दया और करुणा का संदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि नेपाल के विभिन्न विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर इन सामग्रियों का वितरण कर बच्चों और आमजन को पशु बलि के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा। विशेष रूप से स्कूलों में विद्यार्थियों को नोटबुक कवर, स्टिकर्स और प्रिंटेड सामग्री प्रदान कर उनके मन में जीवों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। संस्था का मानना है कि जहां पशु बलि की परंपरा अधिक प्रचलित है और मांसाहार का उपयोग व्यापक रूप से होता है, वहां इस प्रकार के जागरूकता अभियान से सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।समस्त महाजन संस्था मुंबई द्वारा लंबे समय से पशु बलि रोकने और जीव दया के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। यह अभियान भी उसी श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य समाज में करुणा और अहिंसा की भावना को सुदृढ़ करना है।

# ग्राम रथ अभियान से योजनाओं की जानकारी मिली

## हाथों-हाथ जारी हुए पीपीओ, ग्रामीणों में उत्साह





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत रविवार को विभिन्न ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। अभियान के दौरान गांवों में डिजिटल रथ के पहुंचते ही उत्साह का माहौल देखने को मिला।

डिजिटल वैन की बड़ी स्क्रीन पर प्रदर्शित फिल्में और वीडियो के माध्यम से किसानों, पशुपालकों, महिलाओं एवं युवाओं को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में समझाई गई। साथ ही ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि वे किस प्रकार आसानी से घर बैठे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

**मौके पर ही मिली पेंशन स्वीकृति**

झाड़ोल विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मगवास में ग्राम वनपुरा निवासी राजूड़ी बाई को वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत की गई। प्रशासन द्वारा उनके पुत्र नाथूलाल को मौके पर ही पेंशन स्वीकृति पत्र पीपीओ प्रदान किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत काड़ा में गणेशलाल को भी वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत कर हाथों-हाथ पीपीओ सौंपा गया।

पेंशन स्वीकृति पत्र प्राप्त होते ही लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी झलक उठी। उन्होंने राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें जीवन-यापन में सहारा मिलेगा। ग्राम रथ अभियान के माध्यम से न केवल योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंच रही है, बल्कि पात्र व्यक्तियों को मौके पर ही लाभ प्रदान कर प्रशासन और आमजन के बीच विश्वास को भी मजबूत किया जा रहा है।

## गांवों के समग्र एवं सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : विधायक

# ग्राम रथ पहुंचा गांवगुड़ा और झालो की मदार विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने किया सहभागिता





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र के खमनोर पंचायत समिति अंतर्गत ग्राम पंचायत गांवगुड़ा और झालो की मदार में रविवार को ग्राम रथ अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने भाग लेकर ग्रामीणों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही और ग्राम रथ का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। डिजिटल माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं का प्रदर्शन कर ग्रामीणों को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

**विकास कार्यों को लेकर सरकार प्रतिबद्ध**

विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार गांवों के समग्र एवं सतत विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, विद्युत, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, स्वरोजगार कार्यक्रम और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाएं आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

**योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील**

विधायक ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका अधिकतम लाभ उठाएं और अपने गांव के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने बताया कि ग्राम रथ अभियान का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे।

इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

**जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी रहे मौजूद**

कार्यक्रम में विकास अधिकारी खमनोर हनुवीर सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत करते हुए क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।

विधायक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।